कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-05.09.2023

कमिश्नरेट वाराणसी की क्राइम ब्रांच व एस0ओ0जी0 की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना रोहनिया के मुकदमे से संबंधित वांछित ठग अमित कुमार श्रीवास्तव गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच व एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-548/2021 धारा 420/467/468/471/406/504/506/120बी भादवि थाना रोहनिया से संबंधित वांछित अभियुक्त अमित कुमार श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार स्थाई पता-आराजी नं0 470 सी0एच0 रमदत्तपुर अकथा चौराहा पहड़िया थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, हालपता-रमेश चन्द्र पाठक के घर पर 5/149 RS संजय नगर कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी को दिनांक-04.09.2023 को समय करीब 18.30 बजे पहडिया चौराहा बेनीपुर रोड़ पर सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-23.12.2021 को वादी मुकदमा श्री उत्तम सिंह जनरल मेनेजर सेल्स औटोलिंक प्रा0 लि0 रोहनिया वाराणसी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि कंपनी मे कार्यरत अमित कुमार श्रीवास्तव(रिटेनर) व अन्य कर्मचारियों की मिली भगत से कंपनी के लॉग-इन आईडी और पासवर्ड के आधार पर कम्पनी के पोर्टल पर फर्जी हस्ताक्षर कर कई कूट रचित दस्तावेज तैयार करवा कर अपलोड कर जाल-साजी करने, लोन के बाबत उपलब्ध करवाये गये कूटरचित कागजात व कागजात में वर्णित धनराशि वास्तिवक से कम व भिन्न होने से कुल मिला कर लगभग एक करोड़ पंद्रह लाख रुपये गबन करने के संबंध मे थाना रोहनिया पर मु0अ0सं0-548/2021 धारा 420/468/406/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना अपराध शाखा मे नियुक्त उ0नि0 बब्बन सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अमित कुमार श्रीवास्तव पुत्र अशोक कुमार स्थाई पता-आराजी नं0 470 सी0एच0 रमदत्तपुर अकथा चौराहा पहड़िया थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, हालपता- रमेश चन्द्र पाठक के घर पर 5/149 RS संजय नगर कालोनी थाना लालपुर पाण्डेयपुर वाराणसी, उम्र करीब 47 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 बब्बन सिंह अपराध शाखा कमिश्नरेट वाराणसी।
2-उ0नि0 आदित्य मिश्रा एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 चन्द्रभान यादव एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी।
4-का0 पवन कुमार तिवारी एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी।
5- का0 शंकर राम गौतम एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी